मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति
बिहार सरकार

संख्या–cm-448
06/12/2019

# जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित मुख्यमंत्री ने गोपालगंज में की समीक्षा बैठक

पटना, 06 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में गोपालगंज समाहरणालय सभाकक्ष में जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। गोपालगंज और सीवान जिले की इस संयुक्त समीक्षा बैठक में सार्वजनिक कुंओं, चापाकल, आहर, पईन का जीर्णोद्धार, नलकूपों, कुंओं एवं चापाकल के किनारे सोख्ता निर्माण, जल संरक्षण संरचना, छोटी–छोटी नदियों, नालों, पहाड़ी क्षेत्रों में चेकडैम एवं जल संचयन के अन्य संरचनाओं का निर्माण, नए जल स्रोतों का सृजन, सरकारी भवनों में छत वर्षा जल संचयन, पौधशाला सृजन एवं सघन वृक्षारोपण, जैविक खेती एवं टपकन सिंचाई जैसे बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में सौर ऊर्जा उपयोग को प्रोत्साहन, ऊर्जा की बचत, हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली नालियाँ, राज्य में बची सभी संपर्क विहीन बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ना, शौचालय निर्माण घर का सम्मान, बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, ऊर्जा विभाग (वित्तीय वर्ष 2019–20) की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं शिकायतों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जिसके शीघ्र समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई जरूरी दिशा निर्देश दिए।

बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक जल स्रोतों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। जिसमें सार्वजनिक कुओं की चौड़ाई और बढ़ाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि सारण प्रमंडल के अंतर्गत बड़ा क्षेत्र है। कल सीवान में एक चौर क्षेत्र के भ्रमण के क्रम में 35 एकड़ भूमि के 11 एकड़ में तालाब और बाकी जगह में खेती का जो मॉडल दिखाया गया वह काफी प्रशंसनीय है। इस मॉडल को चौर क्षेत्र में लागू किया जाए तो किसानों की आमदनी और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सड़कों के किनारे जो वृक्ष लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे जिलावार आंकलन कर लें और इन लक्ष्यों को पूरा करें। जैविक खेती एवं ड्रीप एरिगेशन को बढ़ावा देने की जरुरत है। वर्मी कंपोस्ट को भी प्रोत्साहित करने की जरुरत है।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों से व्यक्तिगत तौर पर 19 जनवरी 2020 को जल–जीवन–हरियाली अभियान एवं नशामुक्ति के पक्ष में और बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ बनने वाली मानव श्रृंखला में शामिल होने का आग्रह किया।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री सह गोपालगंज के प्रभारी मंत्री श्री मंगल पांडेय, कला संस्कृति मंत्री श्री प्रमोद कुमार, समाज कल्याण मंत्री श्री रामसेवक सिंह, सांसद डॉ0 आलोक कुमार सुमन, विधायक श्री हेमनारायण साह, विधायक श्री व्यास सिंह, विधायक श्री श्याम बहादुर सिंह, विधायक श्री आदित्य नारायण पांडेय, विधायक श्री रमेश प्रसाद कुशवाहा, विधायक श्री व्यासदेव प्रसाद, विधान पार्षद श्री सुभाष सिंह, विधान पार्षद श्री वीरेंद्र नारायण यादव, विधान पार्षद श्री शिव प्रसन्न यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, संबंधित विभागों के एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए

जुड़े विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त सारण प्रमंडल श्री आर0एन0 चोंग्थु, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, सारण प्रमंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विजय कुमार वर्मा, सीवान की जिलाधिकारी सुश्री रंजीता, गोपालगंज के जिलाधिकारी मो0 अरशद अजीज, सीवान के पुलिस अधीक्षक श्री नवीन कुमार झा, गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार तिवारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******